गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
Qksu@PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019 18 फरवरी, 2019

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051 | 2. लिस्टिंग विभाग,<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |

प्रिय महोदय,

कृपया **"माननीय प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' चरण - 1 राष्ट्र को समर्पित किया-पटना शहर गैस वितरण नेटवर्क का भी उद्घाटन किया गया"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

**<u>प्रति</u>** :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

## गेल (इंडिया) लिमिटेड

## माननीय प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' चरण - 1 राष्ट्र को समर्पित किया

## पटना शहर गैस वितरण नेटवर्क का भी उद्घाटन किया गया

बरौनी (बिहार), 17 फरवरी, 2019: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज जगदीशपुर - हल्दिया और बोकारो - धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना (JHBDPL), जिसे प्रसिद्ध रूप से 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के नाम से जाना जाता है, का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित किया और पटना में शहर गैस वितरण (CGD) नेटवर्क का उद्घाटन किया।

माननीय प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं को बिहार के माननीय राज्यपाल श्री लाल जी टंडन, बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री राम विलास पासवान, माननीय केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रवि शंकर प्रसाद, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम श्री गिरिराज सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा श्री आर के सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास श्री राम कृपाल यादव, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री अश्विनी कुमार चौबे, बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी और अन्य गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिती में राष्ट्र को समर्पित एवं उद्घाटित किया ।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के चरण I की नींव 25 जुलाई 2015 को पटना में डाली गई थी और 585 कि.मी. लंबे फूलपुर – दोभी – बरौनी खंड तथा पटना और वाराणसी तक इसकी स्परलाइनें पूरी कर ली गई हैं। यह खंड बिहार के नौ जिलों (415 कि.मी.) और उत्तर प्रदेश के तीन जिलों (170 कि.मी.) को कवर करते हुए गुजरता है। बिहार में कवर किए गए जिले पटना, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नालंदा, लखीसराय, बेगूसराय और शेखूपुरा हैं।

JHBDPL पाइपलाइन की कुल लंबाई 2,655 किलोमीटर है और इसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं और इसे बरौनी से गुवाहाटी (असम) तक 729 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से आगे बढ़ाया गया है। इस परियोजना को 12,940 करोड़ रुपये के निवेश से निष्पादित किया जा रहा है जिसमें भारत सरकार से 40% पूंजी अनुदान (अर्थात 5176 करोड़ रुपए) भी शामिल है । परियोजना को चरणों में 2020 तक पूरा किया जाना निर्धारित है। बिहार में कुल निवेश 2,300 करोड़ रुपये है।

बरौनी, सिंदरी और गोरखपुर में उर्वरक इकाइयों को पुनर्जीवित करने में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन महत्वपूर्ण होगी और यह पटना, वाराणसी, रांची, जमशेदपुर, भुवनेश्वर, कटक, कोलकाता और पाइपलाइन के रास्ते में पड़ने वाले अन्य शहरों में घरों और वाहनों के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगी। पर्यावरण के अनुकूल, सुविधाजनक और किफायती प्राकृतिक गैस की उपलब्धता प्रदूषण का स्तर कम करने में भी मदद करेगी। परियोजना निष्पादन से हजारों व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होना संभावित है ।

माननीय प्रधानमंत्री ने पटना में सीजीडी नेटवर्क का भी उद्घाटन किया, जिसके तहत घरेलू ग्राहकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों जैसे होटल, रेस्तरां, उद्योग आदि को पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति की जाएगी जबकि परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की आपूर्ति की जाएगी।

लगभग 5,000 पीएनजी घरों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा चुका है और शुरुआत में, बीआईटी मेसरा, हवाई अड्डे के पास पटना कैंपस और कैंपस में दो छात्रावासों के लिए पीएनजी की आपूर्ति शुरू की जाएगी। दो सीएनजी स्टेशन (पहला रुकुनपुरा, बेली रोड के पास और दूसरा पटना टोल एनएच 1, बाईपास रोड के पास) भी शुरू किए गए ।

गेल को 'प्रधान मंत्री उर्जा गंगा' परियोजना के साथ पटना, वाराणसी, रांची, जमशेदपुर, भुवनेश्वर और कटक जैसे प्रमुख शहरों में सीजीडी नेटवर्क बिछाने के लिए अधिकृत किया गया है जिसे कंपनी निष्पादित कर रही है।

पटना सीजीडी परियोजना को अगले पांच वर्षों में 360 करोड़ रुपये और 25 वर्षों में समग्र रूप से 1200 करोड़ रुपये के नियोजित व्यय के साथ निष्पादित किया जा रहा है।